# कला की धार से व्यवस्था पर प्रहार

## सदानीरा समागम : भारत भवन में नाट्य प्रस्तुति 'लघुशंका नगर' ने बांधा समां



निज संवाददाता

**भोपाल, 29 मई. भारत भवन में आयोजित सदानीरा समागम में शुक्रवार को नाट्य प्रस्तुति 'लघुशंका नगर' ने दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया.मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग अंतर्गत वीर भारत न्यास द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय के ललित कला केंद्र गुरुकुल के विद्यार्थियों ने प्रस्तुति दी.**

नाटक 'लघुशंका नगर' अमेरिकी नाटककार ग्रेग कोटिस के नाटक 'यूरिनटाउन' पर आधारित रहा. प्रस्तुति में सामाजिक व्यवस्था, संसाधनों पर नियंत्रण और आम लोगों के संघर्ष को व्यंग्यात्मक शैली में दिखाया गया. नाटक ने दर्शकों को वर्तमान व्यवस्था पर सोचने के लिए प्रेरित किया. कार्यक्रम से पहले जानकी बैंड ने नदी विषयक लोकगीतों की प्रस्तुति दी.वीर भारत न्यास द्वारा कलाकारों का स्वागत किया गया. नाटक में संगीत, नृत्य, रंगीन वेशभूषा और प्रभावी अभिनय का समन्वय देखने को मिला. कलाकारों ने संवादों के साथ भाषा और सामूहिक प्रस्तुति से कहानी को प्रभावशाली बनाया. नाटक में अथर्व परांजपे, अदिति देशमुख, ओंकार सुपेकर, गायत्री नाईक, तन्वी ठाकुर और पृथ्वी सराडे सहित कई कलाकारों ने अभिनय किया. नृत्य संयोजन सई शेट्ये ने किया, जबकि प्रकाश योजना दीपक सोनवणे ने तैयार की. प्रस्तुति को दर्शकों ने सराहा.

## नामदेव समाज विकास परिषद का मंदिर चलो अभियान

**भोपाल, 29 मई.** नामदेव समाज विकास परिषद, मध्य प्रदेश के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार नामदेव, कोषाध्यक्ष भीकम सिंह नामदेव एवं महामंत्री सुभाष चंद्र वर्मा द्वारा समाज हित एवं धार्मिक चेतना को सशक्त बनाने के उद्देश्य से विशेष 'मंदिर चलो अभियान' प्रारंभ किया गया है. इस अभियान के अंतर्गत समाज में सेवा, स्वच्छता, संगठन एवं आध्यात्मिक संस्कारों को प्रोत्साहित करने के लिए श्री संत नामदेव मंदिर सामुदायिक भवन परिसर, जवाहर चौक, भोपाल में विशेष साफ-सफाई एवं सेवा अभियान 31 मई रविवार को प्रात: 7:30 बजे होगा आयोजन प्रारंभ होगा. पदाधिकारियों का कहना है कि मंदिर केवल पूजा-अर्चना का स्थान नहीं, बल्कि समाज की संस्कृति, श्रद्धा, संस्कार एवं आध्यात्मिक एकता का केंद्र होता है. मंदिर की स्वच्छता एवं सेवा करना प्रत्येक समाजजन का नैतिक एवं धार्मिक दायित्व है. उन्होंने अभियान में शामिल होने का आग्रह नागरिकों से किया है.

# ग़ज़लों की महफिल में भीगी भोपाल की शाम

## प्रशासन अकादमी में 'बज़्म-ए-ग़ज़ल' का आयोजन



निज संवाददाता

**भोपाल, 29 मई. आर.सी.वी.पी. नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी के स्वर्ण जयंती सभागार में आयोजित 'बज़्म-ए-ग़ज़ल' ने श्रोताओं को संगीत, शायरी और एहसासों से भरी यादगार शाम का तोहफा दिया. प्रसिद्ध गायक, संगीतकार और कंपोज़र टी.एस. धर्मेश ने अपनी मधुर आवाज़ और दिल को छू लेने वाली प्रस्तुतियों से पूरे सभागार को ग़ज़लों की खुमारी में डुबो दिया.**

कार्यक्रम की शुरुआत मशहूर शायर बशीर बद्र की चर्चित पंक्तियों 'कभी यूं भी आ मेरी आंख में' और 'आसमान से चांद उतरे' से हुई. शुरुआत से ही श्रोताओं ने तालियों और वाह-वाह के साथ कलाकार का स्वागत किया. करीब तीन दशकों से संगीत जगत में सक्रिय टी.एस. धर्मेश ने अपनी स्वरचित ग़ज़ल 'लोग हर मोड़ पर रुक-रुक के संभलते क्यों हैं' को बेहद प्रभावशाली अंदाज़ में पेश किया. इसके साथ उन्होंने 'तुमको देखा तो ये ख़्याल आया', 'दिल ढूँढता है फिर वही फुर्सत के रात दिन' और 'एक अकेला इस शहर में' जैसी लोकप्रिय रचनाओं से श्रोताओं को भावुक कर दिया.

जगजीत सिंह और गुलाम अली की ग़ज़लों की प्रस्तुति ने शाम को और भी खास बना दिया.सभागार में मौजूद बड़ी संख्या में श्रोताओं ने पूरी तन्मयता से कार्यक्रम का आनंद लिया.कार्यक्रम में सिंथेसाइजर पर करण मुरझानी, तबले पर ऋषि मालवीय और गिटार पर गीतेंद्र श्रीवास्तव ने शानदार संगत दी.कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक प्रभारी डॉ.अनुपमा रावत ने किया. टी. एस. धर्मेश पिछले लगभग 30 वर्षों से भोपाल और मुंबई में संगीत निर्देशन के क्षेत्र में सक्रिय हैं. उन्होंने सोनी एंटरटेनमेंट, मुंबई के कार्यक्रम इंडियन आइडल सीज़न-14 में मेंटरशिप की भूमिका निभाई है। फीचर फिल्म चौसर फिरंगी का संगीत भी उन्होंने तैयार किया है. अब तक वे 300 से अधिक गीतों, 100 से अधिक जिंगल्स,100 नाटकों और वृत्तचित्रों के लिए संगीत रचना कर चुके हैं.

### एक नजर में

## क्रिकेट : ब्लू हाउस ने अरेरा ग्रीन को हराया



**भोपाल 29 मई.** अरेरा प्रीमियर इंटर हाउस क्रिकेट लीग के सीनियर एज ग्रुप का आखिरी लीग मुकाबला अरेरा ग्रीन और ब्लू हाउस के बीच खेला गया. मुकाबला फाइनल में पहुंचने के लिहाज से बेहद अहम था, इसलिए मैदान पर शुरुआत से ही रोमांच बना रहा. बेहतर रन औसत की दौड़ में दोनों टीमों ने पूरा जोर लगाया, लेकिन आखिर में ब्लू हाउस ने शानदार जीत दर्ज करते हुए फाइनल में जगह बना ली. ग्रीन हाउस भी बेहतर रन औसत के आधार पर फाइनल में पहुंचने में सफल रहा. टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए ब्लू हाउस ने 50 ओवर में 197 रन बनाए. टीम की ओर से नीरज ग्रोवर ने शानदार 64 रन की पारी खेली. रजित मीणा ने 35 और पीयूष सिंह ने 31 रन बनाकर टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया. ग्रीन हाउस की ओर से द्रोण श्रीवास्तव ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट लिए, जबकि अर्जुन शुक्ला ने 3 विकेट हासिल किए. लक्ष्य का पीछा करने उतरी ग्रीन हाउस की टीम दबाव में नजर आई और पूरी टीम 107 रन पर सिमट गई. अर्जुन शुक्ला ने 40 रन बनाकर संघर्ष किया. ब्लू हाउस की तरफ से नीरज ग्रोवर ने गेंद से भी कमाल करते हुए 5 विकेट झटके. उनके शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया.



## अथर्व के दो गोल से सयान गॉड की जीत

**भोपाल 29 मई. (खेल प्रतिनिधि ).** टीटी नगर स्टेडियम में चल रही समर कैंप खेलो भोपाल फुटबॉल प्रतियोगिता में अंडर-12 वर्ग के मुकाबले में सयान गॉड टीम ने रियल मैड्रिड को 2-0 से हराकर अगले दौर में जगह बना ली. मैच के दौरान खिलाड़ियों का उत्साह देखने लायक रहा और दर्शकों ने भी हर गोल पर जमकर तालियां बजाई. मुकाबले की शुरुआत से ही सयान गॉड टीम आक्रामक अंदाज में नजर आई. टीम की ओर से अथर्व ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए दोनों गोल दागे और टीम को शानदार जीत दिलाई. रियल मैड्रिड की टीम ने वापसी की कोशिश जरूर की, लेकिन सयान गॉड के खिलाड़ियों ने मजबूत डिफेंस के दम पर उन्हें गोल करने का मौका नहीं दिया. प्रतियोगिता के दौरान मैदान पर बच्चों का जोश और खेल के प्रति लगाव साफ दिखाई दिया. पिछले दो महीनों से समर कैंप में खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं और नियमित प्रशिक्षण दिया जा रहा है. कैंप में कुल 497 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं, जिन्हें इस प्रतियोगिता के जरिए अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिल रहा है. कोच देवेंद्र सर ने बताया कि खिलाड़ियों को अच्छी ट्रेनिंग और मैच का अनुभव दिया जा रहा है. उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में यहां से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी निकलेंगे.

# 45 मेधावी बच्चों का सम्मान आज

### दुष्यंत संग्रहालय में कायस्थम का होगा सम्मान समारोह

**भोपाल 29 मई.** कायस्थम मध्य प्रदेश कायस्थ समाज के 45 मेधावी विद्यार्थियों को शनिवार 30 मई को भोपाल के दुष्यंत संग्रहालय में सुबह 10.30 बजे से आयोजित समारोह में सम्मानित करेगा. मुख्य अतिथि सेवानिवृत आईएएस एवं मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के आयुक्त मनोज श्रीवास्तव, अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार महेश श्रीवास्तव 10 वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक लेकर उत्तीर्ण होने वाले 45 टॉपर्स चित्रांश विद्यार्थियों को सम्मानित करेंगे. कार्यक्रम में बाल साहित्य शोध संस्थान के अध्यक्ष महेश सक्सेना और काउंसलर अभिषेक खरे भी विद्यार्थियों को मोटिवेट करेंगे. कार्यक्रम में जम्मू की 12 वीं बोर्ड परीक्षा में 98% अंक लेकर परचम लहराने वाली आराध्या खरे भी सम्मान लेने भोपाल आ रही हैं. आराध्या मध्यप्रदेश के छतरपुर की रहने वाली है, लेकिन पिता हरिओम खरे कमांडेंट सीआरपीएफ की पोस्टिंग जम्मू में होने के कारण उसे भी अपनी पढ़ाई जम्मू के प्रेजेंटेशन कॉन्वेंट स्कूल में करनी पड़ी है.



## महिलाओं ने पुराने फिल्मी तरानों पर किया नृत्य

**भोपाल, 29 मई.** चौक बहू मंडल द्वारा केरवा डेम पर आयोजित कार्यक्रम में जैन समाज के परिवारों की बहुओं को मंडल अध्यक्ष नीलू जैन ने सोलह श्रृंगार की सामग्री भेंट की. इस दौरान सभी महिलाओं ने गेम खेले और पुराने फिल्मी गानों पर नृत्य किया.

# मप्र के खिलाड़ियों ने उत्तराखंड में जीते सात पदक

### 13वीं राष्ट्रीय आइसस्टॉक खेल प्रतियोगिता



खेल प्रतिनिधि

**भोपाल, 29 मई. 13वीं राष्ट्रीय आइसस्टॉक खेल प्रतियोगिता का आयोजन पिछले दिनों हिमाद्री आइस रिंक, देहरादून (उत्तराखंड) में हुआ. प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 1 स्वर्ण एवं 6 रजत पदक सहित कुल 7 पदक अपने नाम किए.**

मध्यप्रदेश टीम की प्रशिक्षक शबाना खान (बैतूल) रहीं. टीम इवेंट में भोपाल के इज़्राउल अली, कृष ठाकुर एवं गर्विता साहू तथा बैतूल की अनायजा खान ने रजत पदक प्राप्त किया. इंडीविजुअल टार्गेट इवेंट पुरुष वर्ग में भोपाल के इज़्राउल अली ने स्वर्ण पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया. इंडीविजुअल टार्गेट इवेंट महिला वर्ग में बैतूल की अनायजा खान ने रजत पदक हासिल किया. इंडीविजुअल लॉन्ग डिस्टेंस इवेंट में भोपाल की गर्विता साहू ने रजत पदक प्राप्त किया. सीनियर महिला वर्ग में सारनी-बैतूल की नेहा मालवीय ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया. डॉ. अनुपम चौकसे, अध्यक्ष आइस स्टॉक मध्यप्रदेश एवं कुलाधिपति जेएनसीटी प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आइस स्टॉक मप्र के खिलाड़ी लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का गौरव बढ़ा रहे हैं. खिलाड़ियों की मेहनत,अनुशासन और समर्पण ही उनकी सफलता की सबसे बड़ी पहचान है.

## ट्रेन का स्टॉपेज भोपाल स्टेशन पर करने की मांग

**भोपाल, 29 मई.** डेली अप डाउनर्स यूनियन ने बनारस-हडपसर अमृत भारत एक्सप्रेस का स्टॉपेज भोपाल स्टेशन पर करने की मांग की है. इस संबंध में उन्होंने सांसद आलोक शर्मा को ज्ञापन सौंपा है. यूनियन के अध्यक्ष विजय अग्रवाल ने बताया कि भोपाल से नर्मदापुरम, इटारसी प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्री अप-डाउन करते हैं.बनारस से हडपसर अमृत भारत एक्सप्रेस का स्टॉपेज रानी कमलापति स्टेशन पर है. इस ट्रेन का स्टॉपेज भोपाल स्टेशन पर भी किया जाए.

# अगले राउंड में अरेरा क्रिकेट अकादमी

खेल प्रतिनिधि

**भोपाल 29 मई. एच एम जी कप 2026 इंटर क्लब-अकादमी क्रिकेट टूर्नामेंट में अरेरा क्रिकेट अकादमी ने रेलवे गर्वित क्रिकेट अकादमी को 96 रन से हराकर अगले राउंड में जगह बना ली.**

### एच एम जी कप 2026



मुकाबला डीपीएस क्रिकेट मैदान पर खेला गया. टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी अरेरा क्रिकेट अकादमी ने 50 ओवर में 9 विकेट पर 216 रन बनाए. विराज चतुर्वेदी ने 66 रन की अहम पारी खेली. विवान द्विवेदी ने 28 रन और युवराज ठाकुर ने 25 रन का योगदान दिया. रेलवे गर्वित क्रिकेट अकादमी की ओर से आरव मारन और हर्षिव दांगी ने 2-2 विकेट लिए. 217 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी रेलवे गर्वित क्रिकेट अकादमी शुरुआत से दबाव में दिखी. टीम 41.4 ओवर में 120 रन बनाकर ऑल आउट हो गई. अर्णव साहू ने सबसे ज्यादा 37 रन बनाए, लेकिन टीम को जीत तक नहीं पहुंचा सके. अरेरा क्रिकेट अकादमी की ओर से आदित्य सोलंकी ने 3 विकेट झटके. विराज चतुर्वेदी और केतन रेवाड़ीकर ने 2-2 विकेट लेकर जीत में अहम भूमिका निभाई. विराज चतुर्वेदी को मैन ऑफ द मैच चुना गया.



# चार सेवानिवृत्त कर्मचारियों को डीजीपी ने दी विदाई

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 29 मई. मध्य प्रदेश पुलिस मुख्यालय (पीएचक्यू) की विभिन्न शाखाओं से मई माह में सेवानिवृत्त हुए चार कर्मचारियों को पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) कैलाश मकवाणा ने शुक्रवार को विदाई दी.**

नवीन पुलिस मुख्यालय भवन के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित समारोह में सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पौधे और स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके स्वस्थ एवं सुखद जीवन की कामना की गई. साथ ही उनके विभिन्न देयकों एवं सेवा संबंधी दावों के भुगतान आदेश भी प्रदान किए गए. समारोह में पुलिस महानिदेशक मकवाणा ने कहा कि पुलिस मुख्यालय से लगातार ऐसे अनुभवी और समर्पित अधिकारी-कर्मचारी सेवानिवृत्त हो रहे हैं, जिन्होंने अपने कार्यकाल में विभाग को महत्वपूर्ण योगदान दिया है. उन्होंने कहा कि पुलिस सेवा केवल नौकरी नहीं, बल्कि एक चुनौतीपूर्ण जिम्मेदारी है, जिसमें देर रात तक और अवकाश के दिनों में भी कर्तव्यों का निर्वहन करना पड़ता है. उन्होंने युवा पुलिसकर्मियों से विभाग की गौरवशाली परंपराओं को बनाए रखने के लिए ऊर्जा, अनुशासन और जिम्मेदारी की भावना के साथ कार्य करने का आह्वान किया. समारोह में मानसेवी उप पुलिस अधीक्षक सुनीता सिंह कुशवाह, मानसेवी उप पुलिस अधीक्षक मोहन लाल मेहरा, कार्यवाहक आंकिक/सूबेदार (एम) मुकेश मिश्रा तथा कार्यवाहक सहायक उप निरीक्षक दिनेश कुमार सक्सेना को सम्मानित किया गया.

### समाजसेवा — नवजीवन सेवा समिति का सेवा अभियान जारी

# दृष्टिबाधितों के लिए वरदान बनी 'एआई प्रो किट'



नवभारत न्यूज

**भोपाल, 29 मई. नवजीवन सेवा समिति तथा माता महालक्ष्मी अन्नक्षेत्र द्वारा वर्ष 2025 में 40 दृष्टिबाधित (ब्लाइंड) बच्चों को 'ज्योति एआई प्रो किट' प्रदान की गई थी, जो उनके लिए तीसरे नेत्र के रूप में अत्यंत उपयोगी साबित हो रही है.**

संस्था द्वारा वर्ष 2026 में भी कई जरूरतमंद दृष्टिबाधित बच्चों को यह किट उपलब्ध कराने की तैयारी की जा रही है. संस्था के अध्यक्ष सत्येंद्र अग्रवाल ने बताया कि यह आधुनिक एआई प्रो किट दृष्टिबाधित बच्चों की शिक्षा, आत्मनिर्भरता और दैनिक जीवन को सरल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है. संस्था के प्रवक्ता भगवानदास ढालिया ने कहा इसके माध्यम से बच्चों को अब रीडर या राइटर पर निर्भर नहीं रहना पड़ता तथा वे स्वयं किताबें सुन सकते हैं, पाठ का सारांश और सामग्री को लगभग 40 भाषाओं में अनुवाद भी कर सकते हैं. उन्होंने बताया कि इस किट की सहायता से टेक्स्ट रीडिंग, वस्तु एवं रंग पहचान, मुद्रा पहचान तथा दृश्य वर्णन जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध होती हैं. किट के साथ 5 जी स्मार्टफोन भी दिया जाता है, जिसमें विशेष एप्स इंस्टॉल रहते हैं, जिससे बच्चे आसानी से इसका उपयोग कर पाते हैं.

संस्था ने आग्रह है कि समाज के सक्षम लोगों को ऐसे जरूरतमंद बच्चों की सहायता करनी चाहिए, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें. एक किट की कीमत लगभग 32 हजार रुपये है.

## वीएस अकैडमी सेमीफाइनल में

खेल प्रतिनिधि

**भोपाल 29 मई.** द्वितीय चार साहिबज़ादे अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में वीएस अकैडमी ने एजीसीए को 66 रन से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली. टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए वीएस अकैडमी ने 40 ओवर में 6 विकेट पर 163 रन बनाए. टीम की ओर से वंश बाथम ने 50 रन बनाए. अभिषेक यादव ने 27 रन जोड़े, अक्षत द्विवेदी 19 रन बनाकर नाबाद लौटे. एजीसीए की तरफ से मयंक मंडराई ने 2 विकेट हासिल किए. 164 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी एजीसीए की शुरुआत अच्छी नहीं रही. टीम लगातार विकेट गंवाती रही और पूरी टीम 21.5 ओवर में 97 रन पर सिमट गई. वीएस अकैडमी की ओर से प्रियांश लोढ़ी ने 5 रन देकर 4 विकेट झटके.

# शायर बशीर बद्र को दी श्रद्धांजलि

### मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी में शोकसभा आयोजित




निज संवाददाता

**भोपाल,29 मई. उर्दू के प्रख्यात शायर और पद्मश्री सम्मान से अलंकृत डॉ.बशीर बद्र के निधन पर मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी में शोकसभा आयोजित की गई. ईद के दिन उनके निधन की खबर से भोपाल का साहित्यिक जगत गमगीन हो गया.**

अकादमी कार्यालय में आयोजित शोकसभा में बड़ी संख्या में शायरों,साहित्यकारों और उनके चाहने वालों ने श्रद्धांजलि अर्पित की. संस्कृति विभाग की ओर से श्रीराम तिवारी ने कहा कि बशीर बद्र की साहित्यिक विरासत को आगे बढ़ाना हम सबकी जिम्मेदारी है. हेमंत मुक्तिबोध ने कहा कि उनकी शायरी में गहरा संदेश का भाव दिखाई देता था. उर्दू अकादमी की निदेशक डॉ.नुसरत मेहदी ने कहा कि बशीर बद्र देश ही नहीं विदेशों में भी बेहद लोकप्रिय थे.

उन्होंने याद करते हुए उनका मशहूर शेर सुनाया- 'उजाले अपनी यादों के हमारे साथ रहने दो,न जाने किस गली में जिंदगी की शाम हो जाए.' डॉ. विकास दवे,प्रोफेसर नौमान खान, इकबाल मसूद और आलोक श्रीवास्तव ने भी उन्हें याद करते हुए कहा कि बशीर बद्र की शायरी हमेशा लोगों के दिलों में जिंदा रहेगी. मलिक नवेद ने उनका शेर पढ़कर श्रद्धांजलि दी. कार्यक्रम में कई साहित्यकारों ने उनके साथ बिताए पलों को साझा किया.